प्राथमिक शाला शेरपापड़ा के प्राथमिक शिक्षक हीरासिंह मंगरोले एवं प्राथमिक शाला खैरीमाली के सहायक शिक्षक सीताराम चौरिया पर गिरी गाज

# लापरवाह 2 शिक्षकों पर निलंबन की कार्यवाही एवं 4 शिक्षकों की एक-एक वेतनवृध्दि रोकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में 13 अगस्त 2025 को शिक्षा विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें जिले की शालाओं में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार के लिये विशेष दिशा-निर्देश दिये गये, समीक्षा बैठक के दौरान बी.आर.सी. बिछुआ दिनेश डिगरसे के द्वारा विकासखण्ड की कतिपय शालाओं की शैक्षणिक गुणवत्ता के संबंध में अवगत कराया गया। समीक्षा के दौरान पाया गया कि विकासखण्ड बिछुआ की शालाओं के शिक्षकों के द्वारा शालेय शैक्षणिक कार्यों में घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरतने के फलस्वरूप छात्रों का शैक्षणिक स्तर अत्यन्त निम्न पाया गया। इस संबंध में कलेक्टर श्री सिंह द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुये दोषी शिक्षकों के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिये गये, इसी क्रम में बी.आर.सी. बिछुआ द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रतिवेदन (समीक्षा बैठक के दौरान) के आधार पर प्राथमिक शाला शेरपापड़ा के प्राथमिक शिक्षक हीरासिंह मंगरोले एवं प्राथमिक शाला खैरीमाली के सहायक शिक्षक सीताराम चौरिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है एवं प्राथमिक शाला मजियापार के सहायक शिक्षक कन्हैयालाल चौरिया एवं प्राथमिक शाला खैरीमाली के प्राथमिक शिक्षक दशरथ सोनी की 01 वेतनवृध्दि रोकी गई है।

इसी प्रकार कलेक्टर श्री सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में कक्षा 1 से 8 की अकादमिक गुणवत्ता में सुधार के लिये जिले के सभी जिला अधिकारियों द्वारा सघन मॉनिटरिंग की जा रही है, इसी क्रम में 21 अगस्त 2025 को संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर के द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला सोमाढाना विकासखण्ड छिन्दवाड़ा का निरीक्षण प्रातः10:30 बजे किया गया। निरीक्षण के दौरान शाला बंद पाई गई। इस संबंध में संयुक्त कलेक्टर द्वारा ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त करने पर पाया गया कि विद्यालय प्रतिदिन 11:00 बजे खुलता है, तब संयुक्त कलेक्टर द्वारा विद्यालय में अध्यापन कार्य कराया गया एवं 01 शिक्षक श्रीमती देवयानी अमृते बगैर अवकाश स्वीकृति एवं सूचना के विद्यालय में अनुपस्थित पाई गई एवं 01 शिक्षक डालचन्द डेहरिया 11:10 पर उपस्थित हुये। इस दिनांक को ही दोपहर 3:00 बजे जिला परियोजना समन्वयक जे.के.इडपाचे द्वारा विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता के लिये अकादमिक निरीक्षण किया गया, जिसमें विद्यालय की अकादमिक गुणवत्ता अत्यन्त न्यून पाई गई। दर्ज 21 विद्यार्थियों में से 16 विद्यार्थी उपस्थित पाये गये। कक्षा 5 में 6 उपस्थित विद्यार्थियों में से सिर्फ 01 विद्यार्थी को धारा प्रवाह हिन्दी पढ़ना आया, कक्षा 3 एवं 4 के विद्यार्थियों का स्तर भी कक्षा अनुरूप अत्यन्त कमजोर पाया गया।

विद्यालय का अकादमिक स्तर कमजोर होने एवं विद्यालय समय पर न खुलने के कारण विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका सुश्री देवयानी अमृते एवं शिक्षक डालचंन्द डेहरिया की 01-01 वेतनवृध्दि असंचयी प्रभाव से रोकने की कार्यवाही कलेक्टर श्री सिंह द्वारा की गई है।

## अपना पक्ष नहीं रखने पर जप्त वाहन की राजसात की कार्यवाही की जाएगी

**छिंदवाड़ा।** प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वनमंडलाधिकारी तामिया (सा.) श्रीमती सीमा ठाकुर ने बताया कि पश्चिम छिन्दवाड़ा वनमंडल के अंतर्गत 23 अप्रैल 2025 को रात्रि लगभग 03:15 बजे वन परिक्षेत्र देलाखारी (सा.) के वन अमले द्वारा पीछा करते हुए घटना स्थल बम्हनी-चावलपानी मार्ग पर ग्राम मानेगाँव के समीप 1 ट्रैक्टर आयशर (सिल्वर ग्रे रंग) एवं ट्राली (लाल रंग) वाहन पंजीयन क्रमांक **MP** 49 **AB** 3483, चेचिस क्रमांक 929415296793, इंजिन क्रमांक 529426441251, मॉडल नेम **EICHER** 557 **BSIII** को सागौन लट्ठे 21 नग 2.517 घन मीटर का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया। अपराध के समय वाहन चालक, वाहन को छोड़कर फरार हो गया। इस वाहन पंजीयन क्रमांक से वाहन स्वामी का नाम ऑनलाईन सर्च किया गया एवं देवेन्द्र/प्रहलाद कुशवाह निवासी बारहवाड़ा, तहसील गाडरवाड़ा, जिला नरसिंहपुर के नाम से वन अपराध प्रकरण क्रमांक 2362/23 23 अप्रैल 2025 को पंजीबद्ध किया गया। इसके बाद जिला परिवहन अधिकारी नरसिंहपुर से जानकारी प्राप्त होने के बाद वर्तमान वाहन स्वामी तुलाराम/सेठ प्रसाद कुशवाह निवासी धुरसुरू, पोस्ट छोटा सिंगपुर, तहसील गाडरवाड़ा, जिला नरसिंहपुर के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। दोनों वर्तमान एवं निवर्तमान वाहन स्वामियों को वन अपराध से संबंधी जांच सुनवाई में उपस्थित होने के लिये बारंबार पत्र प्रेषित किए गए परंतु वाहन स्वामियों की ओर से कोई भी व्यक्ति आज दिनांक तक सुनवाई में ना ही उपस्थित हुआ और ना ही अपने बचाव के लिये कोई साक्ष्य प्रेषित किया। उन्होंने बताया कि इस वाहन का कोई मालिकाना हक रखने वाला व्यक्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष विज्ञापन जारी होने के बाद 29 अगस्त 2025 को उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे। यदि इस समयावधि में मालिकाना हक रखने वाला व्यक्ति अपना पक्ष नहीं रखता है, तो वाहन राजसात करने की अग्रिम कार्यवाही एकपक्षीय पूर्ण की जायेगी।

किशोर न्याय अधिनियम के तहत सख्त हो कार्यवाही

## नाबालिग की पहचान उजागर करने पर पीड़ित के पिता ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

समाचार पत्र में नाबालिग पीड़िता का नाम उजागर एक समाचार पत्र को उस समय भारी पड़ गया जब पीड़िता के पिता ने समाचार पत्र के संपादक और पत्रकार के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए शिकायती पत्र पुलिस अधीक्षक को सौंपा।

इस कृत्य ने किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 74 का स्पष्ट उल्लंघन किया है। पीड़ित परिवार ने इस घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए पत्रकार और समाचार पत्र के संपादक/प्रकाशक के खिलाफ तत्काल और कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

12 अगस्त, 2025 को समाचार पत्र में एक खबर प्रकाशित हुई, जिसमें न केवल नाबालिग से संबंधित संवेदनशील जानकारी को सार्वजनिक किया गया, बल्कि उसका नाम और पता भी छापा गया। यह कृत्य सीधे तौर पर कानून का उल्लंघन है, जो नाबालिग पीड़ितों की सुरक्षा और निजता को सर्वोपरि मानता है। पीड़ित परिवार ने बताया कि यह गैर-जिम्मेदाराना हरकत पत्रकारिता के सभी नैतिक मूल्यों और कानूनी प्रावधानों के खिलाफ है। परिवार का कहना है, एक मीडिया संस्थान, जिसका कर्तव्य समाज में जागरूकता फैलाना है, उसी ने हमारी बेटी के भविष्य को खतरे में डाल दिया है। इस घटना से बच्ची सदमे में है और उसके मानसिक स्वास्थ्य पर इसका गहरा नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए, पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक को एक लिखित शिकायत दी है, जिसमें पत्रकार और समाचार पत्र के संपादक/प्रकाशक के खिलाफ किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 74 और अन्य संबंधित धाराओं के तहत तत्काल प्राथमिकी (FIR) दर्ज की जाए।

## सांसद ने किसानों की सुविधा के लिए वितरण केन्द्रों में दी शेड निर्माण की स्वीकृति

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने खाद्य वितरण केन्द्रों में किसानों की सुविधाओं को देखते हुये छिन्दवाड़ा और चौरई के खाद्य वितरण केन्द्रों में अपनी सांसद निधि से शेड निर्माण के लिए 11 लाख 60 हजार की राषि स्वीकृत की है। दोनों स्थानों पर उक्त शेडों का निर्माण होने से यहा खाद्य एवं अन्य कामों से आने वाले किसानों को धूप और बारिष से राहत मिल सकेगी। उल्लेखनिय है कि खाद्य वितरण केन्द्रों में खाद्य लेने के लिए निरंतर पहुंच रहे किसानों और क्षेत्रिय जनप्रतिनिधियों ने सांसद बंटी विवेक साहू से खाद्य वितरण केन्द्रों में किसानों की सुविधा के लिए शेड निर्माण की मांग की थी। जिसे गंभीरता से लेते हुये सांसद श्री साहू ने तत्काल ही छिन्दवाड़ा में नोनिया करबल में आलू स्टोर के पास स्थित खाद्य वितरण केन्द्र में 5 लाख 80 हजार एवं चौरई में बस स्टैण्ड दाल मिल के पास स्थित खाद्य वितरण केन्द्र में 5 लाख 80 हजार की लागत से बनने वाले शेड निर्माण के लिए सांसद निधि से राषि स्वीकृत कर दी है। अब शीघ्र ही उक्त दोनों केन्द्रों में शेड निर्माण हो जाने से किसानों को गर्मी एवं बारिष के मौसम में राहत मिल सकेगी। विधित हो कि सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासो से छिन्दवाड़ा एवं पाण्ढुर्णा जिले में किसानों को नियमित और पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जा रही है। आगे भी निरंतर किसानों को खाद वितरित होती रहेगी। छिन्दवाड़ा और चौरई में किसानों की सुविधा के लिए शेड निर्माण के लिए राषि स्वीकृत किये जाने पर पूर्व विधायक पं. रमेश दुबे, चौरई विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा, चौरई मंडल अध्यक्ष मदन राय, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विजेन्द्र ठाकुर और किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री नेता संजय सक्सेना, सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक संतोष पटेल, मंडल अध्यक्ष श्रीमती लीला बजोलिया, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रमाकांत पटेल, सारना मंडल अध्यक्ष ओम पटेल, दिनेश कांत मालवीय एवं किसान संगठनों के जनप्रतिनिधियों, भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और किसानों ने सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया।

## पेट में मरे हुए बच्चे को निकालकर उप संचालक डॉ.पक्षवार ने बचाई भैंस की जान

**छिन्दवाड़ा।** जिले के ग्राम धौलपुर के श्री सत्यनारायण चौरे की भैंस विगत 05 दिनों से प्रसव पीड़ा से परेशान थी। भैंस को पिकअप में लोड कर जिला पशु चिकित्सालय छिंदवाड़ा में लाया गया, जहां भैंस का गर्भ परीक्षण डॉ.छत्रपाल टांडेकर के द्वारा किया गया। डॉ.टांडेकर को संदेह होने पर उप संचालक डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार को बुलाया गया। उप संचालक डॉ.पक्षवार के द्वारा भैंस के अंदर हाथ डालकर बच्चे का परीक्षण किया गया, तब पता चला कि भैंस की बच्चादानी घूमी हुई है, जिसे वैज्ञानिक भाषा में 'टॉर्सन' कहते हैं। भैंस के पेट के ऊपर लकड़ी की पटिया रखकर उप संचालक डॉ.पक्षवार के द्वारा बच्चादानी के अंदर हाथ डाला गया और भैंस को क्लॉकवाइस घुमाया गया, जिससे कि बच्चादानी का मुंह सीधा हो गया। इसके बाद बच्चे का परीक्षण किया गया, बच्चे की मृत्यु हो चुकी थी, बच्चे का सिर 'ओवा' के अंदर चला गया, जिससे बच्चा बाहर नहीं आ रहा था।

## ग्रामीण परिवारों के लिए मील का पत्थर बने होम स्टे: कलेक्टर शैलेंद्र सिंह

घुमड़ते बादलों और रिमझिम फुहारों के बीच काजरा के होम स्टे खुले पर्यटकों के लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



हल्की-हल्की गरज और रिमझिम बरसात के बीच घुमड़ते बादलों...आदिवासी ढोल-बाजों, नृत्य के मनमोहक आनंद के बीच शुक्रवार को पर्यटन ग्राम काजरा के पांचों होम स्टे का लोकार्पण कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के हाथों हुआ। इस मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि होम स्टे ग्राम के विकास के लिए मील का पत्थर है, पूरा गांव मिलकर पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं दें और अच्छा माहौल बनाएं, इससे सभी की तरक्की होगी और गांव की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित किए गए पर्यटन ग्राम काजरा में होम स्टे लोकार्पण अवसर पर जुन्नारदेव एसडीएम सुश्री कामिनी ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य श्री नवीन मरकाम, पर्यटन प्रबंधक श्री गिरीश लालवानी, इंडियन ग्रामीण सर्विसेज से सुश्री रीना साहू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित किए गए पर्यटन ग्रामों में होम स्टे के शुभारंभ का सिलसिला लगातार जारी है। होम स्टे का उद्घाटन करने काजरा पहुंचे अतिथियों का स्वागत इंडियन ग्रामीण सर्विसेज समिति की अगुवाई में ढोल-बाजों के साथ किया गया। स्वागत व लोकार्पण के बाद कलेक्टर श्री सिंह ने पांचों होम स्टे का निरीक्षण किया और संचालकों से बातचीत करके पर्यटकों व अतिथियों को बेहतरीन सुविधाएं देने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीणों से चर्चा में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि प्रकृति ने इस गांव को खूबसूरती से संवारा है, जो एक वरदान है, इसका ग्रामीणों को लाभ उठाना चाहिए और पर्यटन की दिशा में कार्य करके नाम व दाम कमाना चाहिए।

लोकार्पण समारोह में तामिया जनपद उपाध्यक्ष श्री सुधीर अहके, ग्राम पंचायत मानकादेई सरपंच श्री मंतलाल इनवाती, कार्यक्रम अधिकारी श्री बदरी प्रसाद कुर्मी, जनपद पंचायत तामिया इंडियन ग्रामीण सर्विसेज संस्था की तरफ से श्री कन्हाई कुमार, श्री सनोद नागवंशी, अंतर्राष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी श्री आदित्य आम्रवंशी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जिले में अभी तक 760.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 760.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 928.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले 22 अगस्त 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 9.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 22 अगस्त 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 7.8, मोहखेड़ में 35.3, तामिया में 12, अमरवाड़ा में 1.2, चौरई में 9.2, बिछुआ में 13.64, परासिया में 1.3, जुन्नारदेव में 6.8, चांद में 6.4 और उमरेठ में 10.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 649, मोहखेड़ 740.4, तामिया में 840, अमरवाड़ा में 789, चौरई में 717.4, हर्रई में 1070.7, बिछुआ में 723, परासिया में 593.3, जुन्नारदेव में 744.8, चांद में 785.9 और उमरेठ में 740.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई।

## योजनाओं का लाभ ले केश शिल्पी: बंदेवार



**हरिभूमि न्यूज, छिंदवाड़ा।** सेन समाज के आराध्य देव संत शिरोमणि नंदा जी महाराज जी की पुण्यतिथि सौसर स्थित मंगल भवन में महोत्सव के रूप में मनाया गया सेन समाज संगठन के द्वारा 2 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें प्रभात फेरी श्री पालकी निकाली गई साथ समापन के अवसर पर भजन कीर्तन हरि पाठ हरि भक्त परायण सूर्यकांत शेंडे जी महाराज द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई।सेन समाज सौसर संरक्षक संजय चावके व अध्यक्ष डी आर आनेराव ने बताया कि महाराज श्री की पुण्यतिथि के अवसर पर सुबह कलश स्थापना के रुक्मणी भजन मंडल द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई कीर्तन के पश्चात अतिथियों का सम्मान किया गया इस अवसर पर भारतीय सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश बंदेवार ने सेन जी महाराज के बताए मार्ग पर चलने की अपील करते हुए मंदिर निर्माण के लिए समाजिक बंधुओ से अधिक से अधिक सहयोग देने की अपील की साथ ही मध्यप्रदेश शासन की केश शिल्पी योजना का लाभ समाज के अंतिम छोर के केश शिल्पी बंधुओं को मिले ऐसी शासन की मंशा है।पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संजय राठी व समाजसेवी डा.खुलगे ने मंदिर निर्माण सहयोग देने की अपील की।कार्यक्रम में भारतीय सेन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मध्यप्रदेश केश शिल्पी मंडल के पूर्व चेयरमैन स्व श्री नंदकिशोर वर्मा जी को स्वर्गवास (निधन) होने पर समाजिक बंधुओ द्वारा श्रंद्धाजलि दी गई।पुण्यतिथि महोत्सव के समापन पर बड़ी संख्या में समाज के रवि राजनकर प्रदेश संगठन मंत्री भारतीय सेन समाज,शरद खुलगे, प्रवीण वाटकर,रामभाऊ साखरकर, रविन्द्र रामटेके, गणेश चावके, प्रशांत ऐशनकर, मधुकर पारदी सहित बड़ी संख्या में समाजिक बंधु मातृशक्ति व बच्चे विशेष रूप से उपस्थित थे।

## प्लास्टिक रहित शहर बनाने चलाया अभियान

**छिंदवाड़ा।** जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के मुख्य उद्देश्य को लेकर कार्य करने वाली सामाजिक संस्था सर्वोदय अहिंसा नगर पालिक निगम के साथ मिलकर प्लास्टिक रहित हो शहर अपना अभियान चला रही है।गुरुवार के शुभ दिन निगम कमिश्नर चंद्रप्रकाश राय, महापौर विक्रम अहाके के मार्गदर्शन में सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन के साथ देव पाठक, अंकिता सोनी सहित स्वच्छता टीम ने शहर के जेल बगीचा स्थित सब्जी मार्केट का भ्रमण किया ओर दुकानदारों के साथ नागरिकों को प्लास्टिक से हानियां बताई ओर उसका उपयोग नहीं करने की अपील कर कपड़े की थैलियां बांटी।आपको बता दें इस अभियान के तहत छिंदवाड़ा नगर पालिक निगम द्वारा जेल बगीचा सब्जी मार्केट में थैला बैंक एवं वर्तन बैंक भी बनाया गया है।

## संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



नगरीय प्रशासन विभाग मध्यप्रदेश शासन जबलपुर ने शुक्रवार को परासिया, चन्दामेटा और न्यूटन में अमृत 1एवं अमृत 2के तहत किए गए कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए। शुक्रवार को परासिया पहुंचे सयुक्त संचालक परमेश जनोटे, कार्यपालन यांत्रिकी सुरेश डेहरिया नपा अध्यक्ष विनोद मालवीय की उपस्थिति में परासिया नगर पालिका परिषद परासिया के वार्ड क्रमांक 12में कायाकल्प योजना 2 के तहत निर्मित सड़क, का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संबंधित निर्माण एजेंसी द्वारा निर्माण कर घटिया स्तर का किया गया है जिस पर संयुक्त संचालक ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए सड़क का निर्माण कर पुनः किए जाने के निर्देश दिए हैं, वहीं मुख्यमंत्री अधो संरचना के तहत निर्मित बस स्टैंड परिसर का निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। उसके पश्चात लगभग 50 लाख की लागत से नगर के तहसील कार्यालय एवं नगर पालिका कार्यालय के समीप निर्माधीन सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण संयुक्त संचालक द्वारा किया गया उसमें पाया गया कि ठेकेदार द्वारा ईटों की जुड़ाई रेत के स्थान पर डस्ट से की जा रही थी जिस पर ठेकेदार को निर्माण कर नियमाअनुसार किए जाने के निर्देश दिए गए। जबलपुर से आई टीम द्वारा मोक्ष धाम निर्माण और वार्ड क्रमांक 10 तथा 11 में नाला निर्माण का भी निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान निर्माण का घटिया प्रवृत्ति का पाए जाने पर आवश्यक दिशा निर्देश देकर निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। तकनीकी टीम द्वारा नगर पालिका परिषद परासिया के साथ-साथ न्यूटन और चांदामेटा में शासकीय योजनाओं के तहत कराए गए निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान नगर पालिका परिषद परासिया चांदामेटा और न्यूटन के तकनीकी विशेषज्ञ तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## हड़ताली उपयंत्रियों को मिला प्रदेश सरपंच अध्यक्ष के अलावा विधायकों का साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



मनरेगा के उपयंत्री अपनी 8 सूत्रीय मांगों के निराकरण किए जाने संबंधी ज्ञापन द्वारा कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री सहित भोपाल तक के अधिकारियों को दिया गया था। इसी के मद्देनजर मुख्य अभियंता ग्रामीण सेवा विभाग के पत्र क्रमांक 1968 के माध्यम से समस्त जिला कलेक्टर एवं जनपद से संबंधित अधिकारियों को ग्राम पंचायत से संबंधित कार्य संपादन के लिए आरईएस एवं मध्य प्रदेश सड़क विकास प्राधिकरण के उपन्यत्रियों को प्रभार सौपने के निर्देश दिए थे। इसी से सिद्ध होता है कि ग्रामीण क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसी को देखते हुए प्रदेश सरपंच संघ के अध्यक्ष ने भी इन हड़ताली उपयंत्रियों के समर्थन में आने का फैसला लिया है, वहीं छिंदवाड़ा सहित प्रदेश भर के भाजपा कांग्रेस के विधायक भी इन हड़ताल करने वाले मनरेगा के समर्थन में उतर आये है जिससे सिद्ध होता है की जन प्रतिनिधि समझ गए हैं कि उपयंत्रियो के मांग को लेकर हड़ताल पर जाने से विकास कार्य पर असर पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों का समर्थन मिलना इसका प्रत्यक्ष उदाहरण साबित हो रहा है।

सभी का एक सुर में समर्थन देने से हड़ताल को बल मिला एवं उनकी मांगे जायज है। यदि शीघ्र प्रदेश सरकार ने मनरेगा के उपयंत्रियों की मांगों पर विचार नहीं किया तो प्रधानमंत्री की अति महत्वपूर्ण मां की बगिया के तहत वृक्षारोपण पर विपरीत असर पड़ रहा है क्योंकि अभी तक मां की बगिया के तहत लगाये जाने वाले पौधों का एस्टीमेट जिओ ट्रैगिग जैसे कार्य ठीक से शुरू नहीं हो पाए हैं। प्रदेश शासन को शीघ्र उपयंत्रियों के संघ से चर्चा कर समाधान खोजने प्रयास करने होंगे। नहीं तो सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष के दिए जा रहे समर्थन से सरकार की नीति एवं साख पर विपरीत असर पड़ेगा।

गणेश उत्सव, ईद मिलाद-उन-नवी एवं पर्यूषण पर्व एकसाथ मनाए जाने के संबंध शांति समिति की बैठक संपन्न

## शांति और सद्भावनापूर्वक मनाए जाएंगे आगामी सभी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य आगामी गणेश उत्सव, ईद-मिलाद-उन-नवी, पोला और पर्यूषण पर्व के दौरान कानून व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रबंधों पर चर्चा करना था। इस बैठक में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, शांति समिति के सदस्य और विभिन्न उत्सव समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में नगरपालिक महापौर श्री विक्रम अहके, एएसपी श्री आयुष गुप्ता, एडीएम श्री धीरेन्द्र सिंह, एसडीएम श्री सुधीर जैन, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, नगरपालिक निगम, यातायात सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं शांति समिति के सदस्यगण और विभिन्न उत्सव समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी उपस्थित सदस्यों को गणेश उत्सव और ईद-मिलाद-उन-नवी की शुभकामनाएँ देते हुए सभी त्यौहारों को शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि पुलिस और प्रशासन हर समय सेवा में तत्पर रहेगा।

### त्यौहारों का आयोजन और शेड्यूल

बैठक में बताया गया कि गणेश उत्सव पर्व का कार्यक्रम 27 अगस्त से प्रारंभ होकर 6 एवं 7 सितंबर को गणेश विसर्जन तक चलेगा तथा 7 सितंबर को दोपहर 1:00 बजे से मोहन नगर के राजा, छिंदवाड़ा के महाराजा एवं लालबाग के बादशाह गणेश विसर्जन के लिए चल समारोह प्रारंभ होगा जो शाम तक चलेगा। जैन समाज का पर्यूषण पर्व 21 अगस्त से मनाया जा रहा है जो 28 अगस्त तक मनाया जायेगा तथा 26 अगस्त को रात्रि में महिलाओं द्वारा तीज व्रत रखा जाएगा और अगले दिन सुबह बड़ी संख्या में तीज विसर्जन किया जायेगा। ईद मिलाद-उन-नवी पर्व पर 24 अगस्त को चाँद नजर आने पर 5 सितम्बर अथवा 6 सितम्बर को मनाया जायेगा। प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी ईद मिलादुन्नबी ग्राउंड पर ईद मिलानदुन्नबी के एक दिन पहले दिनांक 4 सितम्बर को रात्रि 9 बजे से व ईद मिलादुन्नबी के दिन दिनांक 5 सितम्बर को सुबह 9 बजे तकरीर प्रोग्राम होगा। ईद मिलादुन्नवी के एक दिन पहले 4 सितम्बर को शाम 8 बजे बाइक रैली निकाली जाएगी। इस रैली में लगभग 50-60 बाइक शामिल रहेंगी। यह बाइक रैली आजाद चौक से अंजुमन मार्केट, फव्वारा चौक, पुरानी सब्जी मंडी, सत्कार तिराहा, मान सरोवर कॉम्प्लेक्स, ऊंटखाना, छोटी ईदगाह, पुराना बैल बाजार, करबला चौक होते हुए आजाद चौक में समाप्त होगी तथा 5 सितंबर को दोपहर 2 बजे से गरीब नवाज जुलूस कमेटी द्वारा शहर में आजाद चौक से जुलूसे मोहम्मदी का आगाज होगा।

## शनिवार को सौंसर में मनाया जाएगा तान्हा पोला उत्सव, लगातार हो रही है आयोजन में बैल जोड़ियां की कमी

# पोला पर्व पर घर-घर में हुई बैलजोड़ियों की पूजा और आरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



शुक्रवार को नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी किसानों के द्वारा पोला पर्व विभिन्न आयोजनों के साथ मनाया गया। किसानों के सबसे महत्वपूर्ण पर पोले पर किसान सजे धजे बेल जोड़ियां को लेकर नगर में भ्रमण करते हुए नजर आए है। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में बैल जोड़ी सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नगर के विठ्ठल मंदिर एवं भारत माता चौक में पोला उत्सव कार्यक्रम के दौरान किसानों के द्वारा अपने बैलजोड़यिों को सज धज कर बोला उत्सव में शामिल किया गया। पंचमुखी पार्वती हर भोला हर हर महादेव के जय घोष और आरती तोरण टूटने के बाद में पोला पर्व समाप्त हुआ है। तोरण टूटने के बाद में किसानों के द्वारा बेल जोड़ियां को घरों में ले जाकर आरती उतारकर पूजा करते हुए पूरन पूरी और मिष्ठान का सेवन कराया गया। इस दौरान फुगे खिलौने की दुकानों से बच्चों के द्वारा बड़े पैमाने पर खरीदारी भी की गई।पोला उत्सव पर सौसर नगर के चौक चौराहो के अलावा ग्रामीण क्षेत्र मोहगाव हवेली, बोरगाव, लोधिखेड़ा, पारड़सिंगा, बेरडीमें भी बड़े पैमाने पर जुए फड़ संचालित होते नजर आए।

### आज मनाया जाएगा सौंसर में बासिंग पोला

शुक्रवार को बेल जोड़ियां की पूजा के बाद में नगर के गांधी चौक में शनिवार को दोपहर 12 से बाशिंग पोला मनाया जाएगा, आयोजन समिति अध्यक्ष सतीश बोडखे, उपाध्यक्ष शंकर खडसे, सचिव विजय बरदे, सहसचिव श्रवण अढ़ाऊ,कोषाध्यक्ष घनश्याम बुले, ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विट्ठल मंदिर के पीछे गोल उत्सव समारोह 2025 का आयोजन किया गया है। आयोजन के दौरान सबसे सुंदर बेल जोड़ियां को 8 पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा, जिसमें प्रथम पुरस्कार 9999, द्वितीय 7777,तृतीय 6666, चतुर्थ 5555, पंचम 4444 छठवा 3333 सातवां 2222एवं आठवां पुरस्कार 1111 रखा गया है। बासिंग पोला उत्सव पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक विजय चौरे, पूर्व विधायक रामराव महाले, पूर्व नगर अध्यक्ष एम.एम. पुरीपूर्व नगर अध्यक्ष संजय राठी,आदि रहेंगे।

### स्कूल में विद्यार्थियों ने मनाया तान्हा पोला

**सौंसर।** भंसाली विद्या मंदिर सातनूर में नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं द्वारा तान्हा पोला मनाया गया। कक्षा केजी वन और के जी टू के छात्र-छात्राएं किसानों की पारंपरिक वेशभूषा में अपने छोटे-छोटे बैलों के साथ आए थे। विभिन्न रंग बिरंगी वेशभूषा में सभी बहुत सुंदर लग रहे थे सर्वप्रथम प्राचार्य ज़हीर अहमद पटेल एवं शिक्षक- शिक्षिकाओं द्वारा नन्हे नन्हे बैलों की पूजा की गई तथा किसानों की वेशभूषा में पधारे छात्रों को तिलक लगाकर बधाई दी गई। प्रसाद वितरण के किया गया। संस्था प्राचार्य श्री पटेल ने बताया कि संस्था में वर्ष भर सभी धर्म के विभिन्न धार्मिक त्योहारों पर कार्यक्रम करते हुए बच्चों को भारतीय संस्कृति एवं त्योहार के महत्व के बारे में जानकारी दी जाती है।



### मंडल अध्यक्ष के साथ कार्यकारिणी सदस्यों ने जिला अध्यक्ष से की सौजन्य भेंट



**तामिया।** भाजपा मंडल कार्यकारिणी के सदस्यों ने मंडल अध्यक्ष दयाराम ईरपाची के साथ तामिया भाजपा मंडल के सभी पार्टी पदाधिकारीयो के साथ आज छिंदवाड़ा पहुंचकर जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव से सौजन्य भेंट की₹! ईस मुलाकात में मंडल के कार्यकारिणी सदस्यों ने भाजपा की रीति नीति एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं साथ-साथ प्रधानमंत्री के मन की बात को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाना! एवं प्रदेश के अलावा केंद्र सरकार की योजनाओं से अवगत कराना! एवं जिनको प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है! उनको लाभ दिलवाने के लिए मंडल अध्यक्ष ने जिला अध्यक्ष को भरोसा दिलवाया! आज मंडल के जिला अध्यक्ष से हुई इस सौजन्य भेंट से कार्यकारिणी सदस्यौ का मनोबल बढ़ा सौजन्य भेंट करने वालों में मंडल महामंत्री विनय साहू, उपाध्यक्ष नीलेश डेहरिया, मुनेश यदुवंशी, महेश उईके, गोकुल धुर्वे,महामंत्री सुमंत्रा ठाकुर, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता दुर्गेश सलामे, मंत्री रोशन, महेश महंगिया, ऋषभ सूर्यवंशी, इन सब के साथ पूर्व विधायक नत्थन शाह मौजूद रहे।

# आंगनवाड़ी भवन का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



नगर के वार्ड नम्बर 2 शाहिद भगत सिंह चौक परासिया में आंगनवाड़ी भवन का लोकार्पण हुआ । यह लोकार्पण विनोद मालवी अध्यक्ष नगर पालिका परासिया के द्वारा किया गया । लोकार्पण कार्यक्रम में महेश सोमकुंवर उपाध्यक्ष नगर पालिका परासिया विशेष रूप से उपस्थित थे । नपा अध्यक्ष विनोद मालवी के द्वारा फीता काटकर लोकार्पण किया गया । माता सरस्वती की पूजा अर्चना की गई । अतिथियों का स्वागत पुष्पहार एवं तिलक लगाकर किया गया । अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने आंगनवाड़ी के कायाकल्प एवं हर सम्भव सहयोग करने की बात कही । कार्यक्रम में वार्ड पार्षद रुकमा बंसोड़ , बसन्त मालवी , प्रतिभा सोनी , नीलोफर खान , ब्रजेश भलावी , अंजलि श्रीवास्तव , पप्पू मरकाम एवं पर्यवेक्षक कमलेश्वरी वर्मा , कार्यकर्ता उषा यादव , शोभा वर्मा , रचना ध्यानी , रजनी मालवी , सविता डेहरिया , जयवंती बुनकर , फरीदा खान , आशा कार्यकर्ता चाँदनी डेहरिया , तमन्ना शेख , सहायिका गिरजा कवरेती , जेबुन्निशा खान , रेशमा खान , ललिता पगारे , निर्मला डेहरिया , प्राचार्य शैलेन्द्र शर्मा , शिक्षक विजय राय , राजेश जैन , नंदा दीक्षित , सावित्री पुरिया , शमीम बानो उपस्थित थीं ।

### ग्राम पिंडरईडबीर में विशाल ईनामी दंगल का आयोजन

**सिंगोड़ी:** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर सार्वजनिक दंगल समिति पिंडरई डबीर के व्दारा विशाल ईनामी दंगल का आयोजन ग्राम में किया गया है। जिसका सत्रहवा वर्ष है। जिसमें समस्त छिंदवाड़ा जिले सहित आसपास क्षेत्र के विभिन्न जिलों जिनमें भोपाल, देवास ,इंदौर, नागपुर , लातूर महाराष्ट्र ,सिवनी ,जबलपुर ,सागर , हरदा ,नरसिंहपुर सहित अन्य जगहों से भी बड़े बड़े नामी ग्रामी कुश्ती पहलवान भाग लेंगे सार्वजनिक दंगल समिति ने समस्त दंगल प्रेमियों से दिनाँक 27.08.2025, दिन-बुधवार को समय दोप 12 बजे स्थान-पिंडरई डबीर, बजरंग मंदिर हाईवे मेन रोड के पास अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर दंगल कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वाहन किया है। जिसमें समिति द्वारा दंगल पहलवानों को पुरुस्कार राशि-101रुपए से 11001/-रु.की नगद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाएगी।

# कढ़ैया मार्ग पर कॉलोनाइजर ने जेसीबी से तोड़ा नाला

## रेमंड लोधीखेड़ा, कबरपिपला, मोहगांव, निमनी मार्ग पर खेतों में कट रहे अवैध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

निमनी–कढ़ैया रोड पर एक खेत में कॉलोनाइजर द्वारा नाले के बहाव को रोकते हुए अवैध रूप से नाली निर्माण कर दिया गया था, जिससे बारिश का पानी खेतों में घुसने लगा और किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई थी।इस मामले की गंभीर शिकायत ग्राम सरपंच दिनेश भलावी ने संबंधित अधिकारियों को सौंपी। शिकायत की भनक लगते ही कॉलोनाइजर द्वारा बनाई गई अवैध नाली को जेसीबी मशीन से तोड़ने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दीया,सरपंच दिनेश भलावी ने स्पष्ट कहा कि कॉलोनाइजर ने न सिर्फ नाले का प्राकृतिक प्रवाह रोका, बल्कि अवैध प्लाटिंग और कॉलोनी काटने का कार्य भी किया है। उन्होंने घोषणा की कि इसके विरुद्ध वे शीघ्र ही जिला कलेक्टर को लिखित शिकायत सौंपेंगे, ताकि आगे की कठोर कार्यवाही हो सके।ग्रामीणों ने सरपंच श्री भलावी की पहल का स्वागत किया और कहा कि ऐसी अवैध गतिविधियों से जहां किसानों की मेहनत पर पानी फिरता है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों की प्राकृतिक व्यवस्था भी बिगड़ती है।

### औधोगिक क्षेत्र, कढ़ैया मार्ग पर हो रही खेतों में प्लाटिंग



सौसर राजस्व अधिकारियों के आंखों के नीचे औद्योगिक क्षेत्र और खासतौर पर निमनी कढेया,मोहगाव हवेली मार्ग पर बड़े पैमाने पर भरे भरे खेतों में फसलों की जगह पर अवैध रूप से कॉलोनीयो का निर्माण कर प्लाट काटे ओर राजस्व को लाखों रुपए का नुकसान पहुंचा कर बेचे जा रहे हैं।औद्योगिक क्षेत्र में कई ऐसे भूमाफीया है। जिनके द्वारा बिना डायवर्शन, बिना कॉलोनी लाइसेंस और रेरा के नियमों, कॉलोनीयो के अंतर्गत दी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं को ठेंगा दिखाते हुए खुलेआम खेतों में प्लाट काट कर ग्रामीणों ठगा जा रहा है।रेमंड चोक, ब्राह्मण पिपला, लोधिखेड़ा की ओर जाने वाली सड़क पर खेतो में कटे प्लाटों में बिजली, सड़क, पानी, मंदिर, ग्राउंड, जैसी मूलभूत सुविधाये ना देते हुए छोटे-छोटे सड़के बनाकर खेती की भूमि से भूमाफियाओं के द्वारा करोड़ों रुपए कमाए जा रहे हैं।जिन क्षेत्र में अवैध कॉलोनीयो का निर्माण किया जा रहा है वहां से सैकड़ो बार सौसर तहसील में बैठे हुए अधिकारियों का आना जाना लगा रहता है, बावजूद इसके भूमाफियों, अवैध कॉलोनीयो पर कार्रवाही नहीं होना अनेक प्रश्नों को जन्म देता है।

# गरिमा और सुरक्षा ताक पर : खुले में दैनिक क्रिया कर रही स्कूली छात्राएं और शिक्षिकाएं

हरिभूमि न्यूज कटंगी।





प्रधानमंत्री आवास योजना से भी अधिक की राशि एक शौचालय के निर्माण के लिए स्वीकृत की गई लेकिन इसके बावजूद एक साल में शौचालय का निर्माण नहीं हो पाया. यह पूरा मामला बालाघाट जिले के विकासखंड कटंगी के निकायाधीन शासकीय बावनथड़ी गुरूकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनी का है. जहां के छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं सभी खुले में दैनिक क्रिया के लिए जाते है. शिक्षण जैसी संस्थान में शौचालय नहीं होने से छात्राओं और शिक्षिकाओं के आत्म सम्मान और गरिमा को ठेस पहुंचती है. वहीं छात्राओं की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े होते है उन्हें खुले में दैनिक क्रिया के लिए जाने में शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है. करीब एक वर्ष पहले जब हमने इस समस्या को जिम्मेदारों के सामने लाकर रखा था. तब ग्राम पंचायत को 2 लाख 58 हजार रुपए की राशि शौचालय का निर्माण करने के लिए स्वीकृत की गई. पंचायत ने शौचालय का निर्माण शुरू किया लेकिन आज तक निर्माण कार्य अपूर्ण है. कथित तौर पर निर्माण भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया. गांव के सरपंच दयानंद धुर्वे, पंचायत सचिव और रोजगार सहायक तीनों मिलकर एक साल में शौचालय का निर्माण नहीं करवा पाए. शौचालय में जो दरवाजे लगे है वह बंद नहीं होते. दरवाजे बनाने वाले मिस्त्री ने स्कूल प्रबंधन को बताया कि सरपंच ने पैसे नहीं दिए है इसलिए काम अधूरा पड़ा है. एक साल में पंचायत शौचालय का निर्माण क्यों नहीं करवा पाई इसकी सुध लेने वाला तक कोई नहीं है।

स्कूल परिसर में शौचालय निर्माण के नाम पर दो टॉयलेट सीट लगाई गई है बाकि लघुशंका के लिए अलग-अलग खंड तैयार किए गए है. हमने पीएम आवास की राशि का जिक्र इसलिए किया था ताकि आपको बता सकें कि सरकार पीएम आवास के लिए ग्रामीण अंचल में हितग्राही को डेढ़ लाख और शहरी क्षेत्र में ढाई लाख रुपए देकर मकान बनाने कहती है. हितग्राही आवास बना लेता है इसी राशि में वह अपने घर में टॉयलेट भी बना लेता है. मगर पंचायत 2 लाख 58 हजार की राशि में शौचालय का निर्माण पूरा नहीं हो पा रहा है. अगर कोई प्राइवेट व्यक्ति इतनी ही राशि व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण में खर्च करता तो आधुनिक शौचालय का निर्माण कर लेता किंतु पंचायत ने इतना घटिया निर्माण करवाया है कि शौचालय का उपयोग तक नहीं किया जा सकता. बम्हनी स्कूल में नर्सरी से लेकर कक्षा 12 वीं तक साढ़े 3 सौ से अधिक विद्यार्थी अध्ययन करते है यहां पुरूषों के साथ महिला शिक्षिकाएं पदस्थ है सभी को दैनिक क्रिया के लिए खुले में जाना पड़ता है. शिक्षक स्टाफ ने स्वंय के लिए शौचालय निर्माण करवाया था लेकिन यह निर्माण भी अधूरा ही पड़ा है. छात्राएं बताती है कि खुले में शौच के लिए जाने से कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

गौरतलब हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले की प्राचीर से कहा था लाल किले से गंदगी और शौचालयों के बारे में मेरी बात लोगों को पसंद आएगी या नहीं, लेकिन मैं एक गरीब परिवार से आता हूँ. मैंने गरीबी देखी है और गरीबों को सम्मान देने की कोशिश वहीं से शुरू होती है. प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों से अपने निर्वाचन क्षेत्र के धन का उपयोग हर स्कूल में शौचालय बनाने में करने का आग्रह किया था तब डॉ ढाल सिंह सांसद हुआ करते थे. उन्होंने अपील की, "लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय होने चाहिए. अगले साल जब हम यहाँ खड़े होंगे, तो हर स्कूल में लड़कियों और लड़कों के लिए शौचालय होने चाहिए. उन्होंने कॉर्पोरेट जगत से भी आग्रह किया कि वे अपनी सामाजिक ज़म्मिेदारी के तहत शौचालय बनवाने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करें. इस बात को अब पूरे 10 साल बीत चुके है लेकिन बम्हनी जैसे स्कूल में आज भी विद्यार्थी खुले में शौच जाते है. बता दें कि मध्य प्रदेश में स्कूली शिक्षा पर 7 साल में सरकार ने 80 प्रतिशत खर्च बढ़ा दिया इसके बावजूद स्कूल बुनियादी सुविधा से जूझ रहे हैं. बच्चों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं. हालात कुछ ऐसे हैं कि प्रदेश के 3 हज़ार 620 स्कूलों में छात्राओं के लिए अलग से शौचालय नहीं है।

## प्रकृति के संरक्षण के लिए दिया गया माटी गणेश सिद्ध गणेश निर्माण प्रशिक्षण



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** पर्यावरण संरक्षण हेतु माटी गणेश अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद बैहर के द्वारा जनपद सभाकक्ष में मूर्ति निर्माण का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय मोहन यादव के आव्हान पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा प्रदेश के समस्त विकासखण्डों में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्यों से ₹माटी गणेश ₹ अभियान अंतर्गत मिट्टी की मूर्तियों के निर्माण हेतु लोगों को प्रेरित किया जा रहा है।इस अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत सभाकक्ष में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थाओं, प्रस्फूटन समितियों,नवांकुर संखियो सीएमसीएलडीपी के छात्रों को मिट्टी की मूर्तियां बनाने हेतु प्रेरित कर मूर्तियों के निर्माण का कुशल प्रशिक्षण दिया जिसमें छात्रों द्वारा मिट्टी की मुर्तियां भी बनाई गई।इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री सुरेंद्र गुड्डा मरकाम विकासखण्ड समन्वयक महेश पटले मनरेगा अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कोडापे कार्यक्रम अधिकारी नवांकुर संस्था के शिवनाथ यादव राजीव परते लीला गोस्वामी राजेन्द्र बिसेन परामर्शदाता सुरेश यादव ओमेश्वरी राहंगडाले ज्योति बिसेन कुन्दन मेरावी एवं सीएमसीएलडीपी छात्र संदीप गजभिये, अभय यादव, निखिल विश्वकर्मा, मुकेश चौधरी, ज्योति वरकडे, भागचंद पटले आकांक्षा तेकाम एवं समस्त छात्र उपस्थित रहें।जिसमें मूर्तिकार श्री गंगाराम टाटरे ने सभी को मूर्ति बनाना सिखाया जिसके पश्चात सभी के द्वारा भगवान गणेश की माटी से निर्मित मुर्ति बनाई गई।

## छात्राओं को दी कानून की जानकारी, अदालत सिविल और क्रिमिनल प्रकरणों के बारे में समझाया

हरिभूमि न्यूज लांजी।



संविधान में सभी को कानूनी अधिकार दिया गया है। कोई भी व्यक्ति अपने अधिकार को कानून के माध्यम से प्राप्त कर सकता है। चाहे वह भारत का कोई दिव्यांग हो, महिला हो या बच्चे हो। भारतीय संविधान में विधायिका, कार्यपालिका तथा न्यायपालिका का गठन भारत के लोगों के लिए किया गया है। हर भारतीय को कानून के तहत अधिकार प्राप्त है कि वह अपने हितों की रक्षा कर सकता है। छात्रों को कानून के प्रति जागरूक कर ही समाज के सभी वर्गो को कानून के प्रति जागरूक किया जा सकता है।इसी तारतम में लांजी नगर में स्थित शासकीय आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास में छात्राओं को कानूनी ज्ञान देने और भारतीय दंड संहिता संबंधी नियम बताने के उद्देश्य से न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी व अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति व्यवहार न्यायालय लांजी के न्यायाधीश श्री प्रीतम शाह के मार्गदर्शन में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शुक्रवार को शासकीय आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम में न्यायाधीश श्री प्रीतम शाह ने छात्राओं को बताया कि मात्र सामान्य जानकारी के ज्ञान से हम सभी किस प्रकार सामान्य नियमों का पालन कर अपराध से दूर रह सकते हैं। छात्राओं को लोक अदालत, सिविल व क्रिमिनल प्रकरण के बारे में बताया गया।साथ ही यह भी बताया गया कि हम कुछ नियमों को ध्यान रखकर इन प्रकरणों से दूर रह सकते हैं। विद्यार्थियों को शपथ दिलवाई गई कि वे सामान्य कानूनी नियमों का पालन करेंगे और समाज में भी इस कार्यप्रणाली से जागरूक करेंगे।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं की ओर से रुचिकर ज्ञानवर्धन प्रश्न पूछे गए, जिनकी जिज्ञासा को दोनों न्यायाधीशों ने अपने जवाबों से शांत किया।

## मिट्टी के गणेशजी बनाने का दिया गया प्रशिक्षण

# माटी गणेश सिध्द गणेश कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मध्यप्रदेश शासन विकास खंड वारासिवनी अंतर्गत जनपद पंचायत सभाकक्ष में बुधवार 20 अगस्त को ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का सक्रियकरण बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत उन्हें पौधा देकर किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की ब्लाक समन्वयक अफशा खान द्वारा प्रशिक्षण की रूप रेखा रखते हुए बताया गया कि किस प्रकार जन अभियान परिषद से जुड़े कार्यकर्ता स्वैच्छिकता, सामूहिकता, स्वालंबन के भाव से कार्य करते हैं। समाज की इसी स्वैच्छिक प्रवृत्ति को देखते हुए प्रति वर्ष ग्राम एवं नगरीय निकाय में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का गठन किया जाता है। जो शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियान में सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाती है। ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार कर समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को लाभ दिलाने में सहयोग करती है। परिषद् समाज एवं शासन के बीच सेतु का कार्य करती है।

### प्रदूषण व पर्यावरण के अनुकूल हैं मिट्टी के गणेश का निर्माण- पुष्पा बिसेन

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता जनपद पंचायत वारासिवनी की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती निरंजन पुष्पा बिसेन ने जनअभियान परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए बहुत ही उपयोगी हैं, इससे पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचा सकते हैं। इससे जल प्रदूषण, पर्यावरण प्रदूषण दोनों ही कम होंगे, हमें खुद भी प्रशिक्षित होना चाहिए और अन्य लोगों को भी प्रशिक्षित करना चाहिए, ताकि हम प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों का उपयोग करने से बचे और मिट्टी के गणेश जी का प्रयोग कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखें।

**प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्ति से बचने की सार्थक पहल:** मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीक्षा जैन द्वारा कहा गया कि यह कार्यक्रम शासन की एक अच्छी पहल हैं, जो पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक है। वहीं प्लास्टर ऑफ पेरिस का उपयोग मूर्ति बनाने में किया जाता है, उससे बचने के लिए भी यह कार्यक्रम सार्थक हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अपने ग्राम में सभी को मूर्ति बनाना सिखायेगे।

### एआई के बढ़ते प्रयोग और युवाओं के प्रति जागरुकता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**वारासिवनी।** शासकीय शंकरसाव पटेल कला, वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय वारासिवनी में 22 अगस्त 2025 को स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत वैश्विक मुद्दों और युवा (आभासी) सार्वजनिक बैठक, स्वीकार्य एवं अहिंसा हेतु चर्चा, सार्वजनिक स्थलों पर युवाओं की चुनौतियों एवं योगदान पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. हेमंत कुमार मण्डाले उपस्थित रहे। विशिष्ट वक्ता प्रो. दोमदत्त सिंह ने वर्तमान में वैश्विक स्तर पर ए आई के बढ़ते प्रयोग और युवाओं के प्रति जागरूकता विषय पर चर्चा की। विशिष्ट वक्ता प्रो. वी. के. सिंह ने स्वीकार्य एवं अहिंसा विषय पर चर्चा की एवं स्वीकार्यता के विभिन्न बिन्दुओं पर प्रकाश डाला।

## खबर संक्षेप

### अध्यक्ष पंकज, महामंत्री बने विकास बड़कुल

**गोटेगांव** विगतदिवस श्रीदेव पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन पंचायती बड़ा मंदिर न्यास के चुनाव उपरांत चुने गए 11 सदस्यों की पहली बैठक विद्या भवन में जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन एवं जिला संरक्षक सिंघई अनिल जैन की विशेष उपस्थिति एवं चुनाव पर्यवेक्षक नरेश जैन निर्मल जैन अंकु जैन के मार्गदर्शन में आयोजित की गई जिसमें पंकज जैन अनुपम को सर्व सम्मति से अध्यक्ष चुना गया इसी प्रकार विकास बड़कुर को महामंत्री संदीप जैन विद्या को कोषाध्यक्ष चुना गया ट्रस्ट कमेटी में 4 उपाध्यक्ष चुने गए जिसमें डॉ अनिल जैन चक्रेश जैन सचिन जैन टीटू एवं पंकज जैन रामनिवारी को चुना गया, मंत्री के रूप में संजय जैन गुड्डू सचिन जैन चिन्नू एवं प्रचार मंत्री के रूप में दीपक जैन को नियुक्त किया गया वही सहकोषाध्यक्ष के रूप में संजय जैन कूड़ा वाले ने अपने दायित्व को ग्रहण किया। विशेष रूप से उपस्थित पार्षद मनीष जैन ने बताया कि सभी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आगामी तारीख 24 दिन रविवार को दोपहर 3 बजे विद्या भवन में आयोजित किया जाएगा। चुनाव के उपरांत 11 सदस्यों एवं सभी के निर्वाचन पर उनके शुभचिंतकों एवं मित्रों ने सामाजिक बंधुओ ने बहुत-बहुत बधाइयां शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### वृद्ध को सर्प ने काटा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस खेत में काम कर रहे वृद्ध को सर्प ने काट लिया। पुलिस ने बताया कि मथुरा पिता रतन सिंह लोधी उम्र 65 वर्ष निवासी मुराछ थाना ठेमी को खेत मे काम करते समय सर्प ने काट लिया। जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### किशोर ने खाया चूहामार

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस किशोर द्वारा अज्ञात कारणों से चूहामार का सेवन कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरिफ खान पिता अकरम खान उम्र 17 वर्ष निवासी मुर्गाखेड़ा द्वारा अपने ही घर पर अज्ञात कारणों से चूहामार का सेवन कर लिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### युवती ने खाया जहर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस युवती द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली दवा का सेवन कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र स्टेशनगंज निवासी युवती द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जांच हेतु विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थो के नमूने लिए

**सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के आदेशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन सिवनी द्वारा चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से शहर में विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। इस दौरान विनायक ट्रेडर्स, सुधा ट्रेडर्स, हरि नारायण अग्रवाल, हीरा एजेंसी, महावीर आइसक्रीम, हेलो जूस सेंटर, शक्ति बेकर्स एवं इंडियन कॉफी हाउस से खाद्य सामग्रियों के स्पॉट परीक्षण हेतु नमूने संकलित किए गए।

# ग्राम परिचय कार्यक्रम में पहुंचे राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल का ग्राम झोलावासियों ने किया आत्मीय स्वागत

### राज्यपाल श्री पटेल ने ग्रामीणों से किया आत्मीय संवाद

**केवलारी**–बुधवार 20 अगस्त को महामहिम राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल विकासखंड केवलारी के ग्राम झोला में आयोजित ग्राम परिचय कार्यक्रम में पहुंचे। जहां ग्रामीणों द्वारा राज्यपाल श्री पटेल का ढोल बाजों एवं पारंपरिक शैल नृत्य के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। राज्यपाल श्री पटेल ने ग्राम परिचय कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणजनों से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएँ बनाकर उनका मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन कर रही है। राज्यपाल श्री पटेल ने आयुष्मान_भारत_योजना का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि यह योजना गरीब परिवारों के लिए बड़ी राहत है। अब पाँच लाख रुपये तक निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध होने से हर गरीब परिवार सुरक्षित हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से आज ग्रामीण महिलाएँ स्व_सहायता_समूह के माध्यम से छोटे-बड़े उद्योग संचालित कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। महिलाएँ न केवल अपने परिवार का बेहतर लालन-पालन कर रही हैं, बल्कि समाज में भी सशक्त भूमिका निभा रही हैं। राज्यपाल ने बताया कि कृषि क्षेत्र में नई तकनीक से जोड़ते हुए महिलाओं को ड्रोन_दीदी के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिससे वे आधुनिक खेती में योगदान दे रही हैं।

### सिकल_सेल रोग के प्रति सजग रहने की अपील

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने जनजातीय समुदाय में पाए जाने वाले अनुवांशिक रोग सिकल सेल पर विशेष ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि यह रोग पीढ़ी दर पीढ़ी फैलता है और समय पर सावधानी न बरतने से परिवार और समाज दोनों प्रभावित होते हैं।राज्यपाल ने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे विवाह से पहले लड़के-लड़की की कुंडली मिलाई जाती है, उसी तरह सिकल सेल कार्ड भी अवश्य मिलाना चाहिए। यदि दोनों ही वाहक या रोगग्रस्त हों तो विवाह कदापि न किया जाए। उन्होंने बताया कि सरकार सिकल सेल उन्मूलन के लिए व्यापक अभियान चला रही है। इसके अंतर्गत निःशुल्क जांच एवं परामर्श की व्यवस्था की गई है। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी जांच कराए और इस रोग की रोकथाम में सहयोग दे।

### प्रत्येक बच्चे की शिक्षा और समाज के उत्थान के लिए युवाओं की भूमिका पर दिया बल

राज्यपाल ने विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री_जनमन_कार्यक्रम और धरती_आबा_अभियान की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ग्राम का कोई भी बच्चा स्कूल से वंचित न रहे। उन्होंने उपस्थित युवाओं से आग्रह किया कि वे पात्र परिवारों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने और छोटे भाई-बहनों को पढ़ाकर समाज को आगे लाने में भूमिका निभाएँ।

### राज्यपाल श्री पटेल ने गिफ्ट अ डेस्क मुहिम की सराहना की

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने कलेक्टर श्रीमति संस्कृति जैन के मार्गदर्शन में संचालित गिफ्ट डेस्क पहल का नाटक प्रस्तुत किया। इस पहल के अंतर्गत जनसहयोग से स्कूलों में बच्चों को पढ़ाई हेतु डेस्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। नाटक के माध्यम से बच्चों ने शिक्षा में बुनियादी सुविधाओं की आवश्यकता और समाज के योगदान का महत्व उजागर किया। राज्यपाल श्री पटेल एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना की।

# मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में 1,000 बच्चों को पीएनबी मेटलाइफ ने भेंट किए स्कूल बैग

### पुराने विज्ञापन होर्डिंग्स को नया रूप देकर बनाये टिकाऊ बैग

**सिवनी** : निरंतर विकास और स्थानीय लोगों की मदद के लिए, पीएनबी मेटलाइफ ने पुराने विज्ञापन होर्डिंग और बैनर से 1,000 पर्यावरण–अनुकूल स्कूल बैग बनाए और इन्हें मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में बच्चों को भेंट दे दिए। पीएनबी मेटलाइफ के चीफ मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशन ऑफिसर सौरभ लोहटिया ने कहा, "यह पहल केवल अपसाइक्लिंग नहीं है, बल्कि हमारे इस विश्वास का प्रतीक है कि हर बच्चे को शिक्षा पाने के लिए सही संसाधन मिलने चाहिए। मार्केटिंग सामग्री का रचनात्मक पुनः उपयोग कर हम पर्यावरणीय और सामाजिक बदलाव दोनों को बढ़ावा देना चाहते हैं।" यह पहल दिखाती है कि पीएनबी मेटलाइफ समाज की भलाई के लिए लगातार विकास, लोगों को मज़बूत बनाने और सबको साथ लेकर आगे बढ़ने के लिए काम कर रही है। साथ ही यह भी बताती है कि कारोबार समाज की मदद के लिए नए तरीके अपना सकते हैं।

पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (पीएनबी मेटलाइफ) भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक है, जो मेटलाइफ इंक. की वित्तीय शक्ति और पीएनबी (भारत के सबसे पुराने राष्ट्रीयकृत बैंकों में से एक) की विश्वसनीयता को जोड़ती है। "मिलकर लाइफ़ आगे बढ़ाएँ" यह पीएनबी मेटलाइफ का उद्देश्य है और उसकी ग्राहक-उन्मुख नवीनताओं और कर्मचारी सशक्तिकरण की पहलों से वह झलकता है। कंपनी की 155 शाखाओं में मजबूत उपस्थिति है और बैंकिंग साझेदारियों के माध्यम से 20,000 से अधिक स्थानों पर ग्राहकों तक पहुँच है। इस सामर्थ्य के साथ पीएनबी मेटलाइफ बाल शिक्षा, परिवार सुरक्षा, दीर्घकालिक बचत और सेवानिवृत्ति से जुड़ी समग्र बीमा समाधान पोर्टफोलियो प्रदान करती है। कंपनी के पास 36,000 से अधिक वित्तीय सलाहकारों और कई बैंक साझेदारों के जरिए व्यापक सुरक्षा और रिटायरमेंट उत्पाद उपलब्ध हैं और यह पूरे भारत में 585 से अधिक समूह संबंधों को सेवाएँ प्रदान करती है।

# कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने अधिकारियों को दायित्व निभाने का आह्वान किया

**सिवनी** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय पर आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिला अधिकारियों का ओरियंटेशन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस ओरियंटेशन में विभागीय अधिकारियों को अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु उनके दायित्वों से अवगत कराया गया।

कलेक्टर सुश्री जैन ने कहा कि यह अभियान शासन की संवेदनशीलता और जनता की अपेक्षाओं को जोड़ने वाली कड़ी है। इसका मुख्य उद्देश्य गाँवों में विकास योजनाओं को सामूहिक जनभागीदारी से लागू कर लोगों को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अभियान को मिशन मोड में लेकर कार्य करें और जनता से सीधा संवाद स्थापित करें।

अभियान के अंतर्गत गाँवों में आदि सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इन केंद्रों पर ग्रामीण अपनी स्थानीय समस्याएँ दर्ज कर सकेंगे और संबंधित विभागीय अधिकारी समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में कार्य करेंगे। इसमें जल स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास और वन विभाग के अधिकारी नियमित रूप से शामिल होंगे।

कलेक्टर ने बताया कि गाँवों में आवास, पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएँ, पोषण की देखभाल, शिक्षा और परिवहन जैसी सुविधाएँ विस्तारपूर्वक उपलब्ध कराई जाएँगी। साथ ही बिजली, सामुदायिक और धार्मिक स्थल, अपशिष्ट प्रबंधन, कृषि सहयोग और मनोरंजन संबंधी सुविधाएँ भी अभियान में प्राथमिकता से जोड़ी जाएँगी।

जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त ने जानकारी दी कि कन्या शिक्षा परिसर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित है। इसमें मास्टर ट्रेनर्स और ब्लॉक स्तरीय ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्हें अभियान की रणनीति, क्रियान्वयन की प्रक्रिया और फील्ड में कार्य करने के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी जा रही है।

ओरियंटेशन सत्र में जिला स्तर के सभी विभागीय अधिकारियों को उनके कार्यक्षेत्र और दायित्वों के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्हें यह भी निर्देशित किया गया कि अभियान के दौरान प्रत्येक अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को सेवा भाव, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ निभाएँ। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री नवजीवन विजय,सभी एसडीएम, विभिन्न जनपद पंचायतों के सीईओ, तथा संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## मवेशियों की समस्यायों को लेकर भामा वासियों ने सौंपा ज्ञापन



**तेंदूखेड़ा** । इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में निराश्रित मवेशियों की समस्यायों के कारण लगभग हर वर्ग परेशान बना हुआ है। जहां सड़कों पर आवागमन बाधित हो रहा है। सड़क दुघर्टनाओं में निराश्रित मवेशियों की संख्या बाधित बनीं हुई है वहीं खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।इसी विषय को लेकर विगत दिनों समीपी ग्राम भामा के किसानों ने सामूहिक रूप से तेंदूखेड़ा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर निराश्रित मवेशियों की समस्यायों से निजात दिलाने की मांग की गई है। सौंपे गए ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि बीच सड़कों पर निराश्रित मवेशी बैठा करते हैं। जिससे आवागमन में भारी असुविधा हो रही है। घटनाएं दुर्घटनायें भी बढ़ रही है। खेतों में बकरियां और पालतू सूकरों को चराने वाले सीधे चराने ले जाते हैं। यदि उनको मना किया जाता है तो लड़ने के लिए तैयार हो जाते हैं।इन सभी मवेशियों को जंगलों में छोड़ दिया जाये। और ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालक यदि सार्वजनिक रूप से मवेशियों को छोड़कर चले जाते हैं तो उन पर भी दंडात्मक कार्यवाही कर अर्थदंड से भी दंडित किया जाना चाहिए। अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वालों पर आवश्यक कार्रवाई की जाये। तथा धार्मिक स्थलों पर शराब पीकर आने वाले उत्पाद मचाने वाले शराबियो पर भी दंडात्मक कार्यवाही की जानी चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में ग्राम के सभी प्रतिष्ठित जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# घटनाओं के वाबजूद सबक नहीं ले रहा बैंक प्रबंधन



### पार्किंग व्यवस्था ना होने से सड़कों पर लगता है जाम

**तेंदूखेड़ा** इन दिनों पार्किंग व्यवस्था को लेकर विवादों की मुख्य बजह देखने को मिल रही है। जिला प्रशासन ने भी सुधार की दिशा में पार्किंग वाले क्षेत्रों में नोटिस भेजना किया है। तेंदूखेड़ा तहसील मुख्यालय में भी कुछ सड़क मार्ग सड़कें चौड़ी बन जाने के बाद भी पार्किंग व्यवस्था और आवागमन में पीड़ा दायक बनें हुए हैं। तेंदूखेड़ा के पुराने बस स्टैंड से कृषि उपज मंडी तरफ जाने वाली सड़क मार्ग पर बैंकिंग क्षेत्र की संस्थाओं डाक्टरों की क्लीनिकें सोने चांदी और अनाज व्यापारियों की दुकानें बड़ी संख्या में हैं। लेकिन इस सड़क मार्ग पर आज स्थिति यह बनीं हुई है कि चौड़ी सड़क बन जाने के बाबजूद भी सड़क आज सकरी बनीं हुई है।मनचले तरीके से लोगों को बाहन खड़ा करके जाना सामने तरफ से आने वाले भारी वाहनों को बाहन निकालने में होने वाली परेशानी हाट टांक देखने को मिला करती है।

**बैंकों के सामने नहीं है पार्किंग व्यवस्था**

मंडी सड़क मार्ग पर मुख्य रूप से राष्ट्रीयकृत बैंकों की दो शाखाएं संचालित है लेकिन इनके सामने पार्किंग की कोई उचित व्यवस्था ना होने के कारण शाखाओं के बाजू से रहने वाले अन्य व्यापारी वर्ग रहवासी परेशान बनें हुए हैं।आये दिन बाहन खड़ा करने को लेकर कहासुनी होना अब आम बात हो गई है। बैंकों के प्रबंधनों को चाहिए कि अपने अपने व्यवसाय के चक्कर में दूसरे अन्य व्यापारी वर्ग परेशान ना हो।

**नगर में नहीं है पार्किंग व्यवस्था**

तेंदूखेड़ा नगर में मुख्य रूप से पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। शनिवार के दिन लगने वाले साप्ताहिक बाजार या फिर प्रमुख डाक्टरों के क्लीनिकों के समीप मरीजों को लेकर आने वाले वाहनों को खड़ा करने की बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है।बाहन भी यहां वहां खड़े करने से उनकी सुरक्षा को लेकर बड़ी समस्या बनी हुई है। तेंदूखेड़ा के स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि इस दिशा में प्रमुखता से उचित व्यवस्था बनाई जाये।

## आध्यात्मिक वैज्ञानिक एवं आयुर्वेद सम्मत हैं महिलाओं के व्रत

**तेंदूखेड़ा ।** भाद्रपद मास में महिलाओं के लिए कल्याण प्रद और मनोवांछित फलों को प्रदान करने वाले हलषष्ठी हरितालिका ऋषि पंचमी संतान सप्तमी के साथ सभी सनातन धर्मावलंबियों के लिए महत्वपूर्ण कुशोत्पाटिनी अमावस्या (पोला) गणेश उत्सव और भगवान विष्णु के पार्श्व परिवर्तन का महापर्व डोल ग्यारस भी इसी महीने मनाया जाता है। जिनमें महिलाएं अपनी संतान और पति परिवार की सुख समृद्धि यश कीर्ति के लिए व्रत किया करती है।

### कुशोत्पाटिनी अमावस्या कल

भादों माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को कुशोत्पाटिनी कुशग्रहिणी अमावस्या कहा जाता है।इस दिन विधिपूर्वक गृहण किया गया कुशा देव कार्य पितृ कार्य और अन्य धार्मिक कार्यों के लिए एक वर्ष तक वैद्य माना जाता है।

### हरितालिका तीजा व्रत पर बना हस्त नक्षत्र का विशिष्ट संयोग

भादों माह के शुक्लपक्ष की तृतीया को हरितालिका का व्रत किया जाता है।समस्त नारियों को सुख और अखंड सौभाग्य प्रदान करने वाली भगवती पार्वती और शिव जी की कृपा प्राप्ति के लिए किया जाने वाला यह व्रत अहोरात्र निराहार और निर्जला रहने की परंपरा है। यह व्रत सौभाग्यवती स्त्री और मनोनुकुल वर को चाहने वाली कन्याओं को करना चाहिये। हमारे क्षेत्र के विद्वान पौरोहित्य कर्मकाण्ड स्नातक ज्योतिष रत्न ज्योतिष शिरोमणि पं प्रमोद पचौरी ने बताया कि इस वर्ष हरितालिका व्रत के दिन पूरे दिन



रात हस्त नक्षत्र का विशिष्ट योग है। पौराणिक कथाओं में वर्णन आता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को प्राप्त करने के लिए भी हस्त नक्षत्र युता हरितालिका में व्रत और पूजन किया था।

### श्रीगणेश जन्मोत्सव

भादों माह की शुक्ल पक्ष चतुर्थी बुधवार को विघ्नहर्ता गणेश जी का पावन प्राकट्योत्सव मनाया जायेगा।इसी के साथ गणेशोत्सव प्रारम्भ होकर अनन्त चतुर्दशी तक चलेगा।

### ऋषिपञ्चमी

ज्ञात अज्ञात समस्त पापों की निवृत्ति नारी जाति के दोष निवारण और धन पुत्र पौत्र आदि सुख सौभाग्य को देने वाला ऋषि पंचमी का व्रत भाद्रपद शुक्ल पक्ष पंचमी 28 अगस्त गुरुवार को मनाया जाएगा। ज्योतिषाचार्य प्रमोद पचौरी ने बताया कि मध्याह्नकाल में व्रती नारियों के द्वारा देवी अरुन्धति सहित महर्षि कश्यप अत्रि भारद्वाज विश्वामित्र गौतम जमदग्नि वशिष्ठ आदि सप्त ऋषियों की विधिवत पूजा की जाती है।इस दिन बिना जुती भूमि से उत्पन्न वस्तुओं का उपयोग किया जाता है।

### सूर्य षष्ठी व्रत

भाद्रपद शुक्ल पक्ष की षष्ठी सूर्य षष्ठी कहलाती है विशेष रूप से सूर्य नारायण का पूजन किया जाता है। 29 अगस्त शुक्रवार को सूर्य षष्ठी मनाई जायेगी।इस दिन स्वामी कार्तिकेय के दर्शन पूजन का भी बड़ा महत्व है। पुत्र कामना से भी इस व्रत को किया जाता है।

### सन्तान सप्तमी व्रत

30 अगस्त शनिवार को भाद्रपद शुक्लपक्ष सप्तमी को संतान सप्तमी का व्रत रहेगा। यह व्रत धर्मनिष्ठ कर्मनिष्ठ यशस्वी और दीर्घायु संतान की प्राप्ति के लिए किया जाता है। मातायें भगवान शिव पार्वती का विधिवत पूजन करके मालपुआ का भोग लगाती हैं। सोने अथवा चांदी के तार का चूरा और सात गांठ वाले रेशमी धागे की पूजा करके व्रती नारियां अपने हाथ में धारण करतीं हैं।इसे मुक्ताभरण और अपराजिता सप्तमी भी कहते हैं।

### राधा अष्टमी

भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी को राधा कृष्ण के अटूट प्रेम का प्रतीक और सुख सौभाग्य समृद्धि को प्रदान करने वाला राधा अष्टमी का पर्व मनाया जायेगा।

पार्श्व परिवर्तनी डोल ग्यारस भगवान विष्णु के चातुर्मास के शयन के अंतर्गत ठीक दो महीने बाद भाद्रपद शुक्ल पक्ष एकादशी को भगवान का पार्श्व परिवर्तन होता है।इस दिन परम्परागत रूप से भगवान का विमान निकालने की प्रथा है। इसे जलझूलनी और डोल ग्यारस भी कहा जाता है।इस वर्ष 3 सितम्वर बुधवार को यह पर्व मनाया जायेगा।

## लगभग छह माह बीतने के बाद बरसात के मौसम में सुधारी जा रही सड़क

**छपारा।** नगर से लगभग आधा किलोमीटर दूर नगर परिषद क्षेत्र के ग्राम छपारा खुर्द माता मंदिर के पास मुख्य मार्ग की सड़क पर गेल इंडिया कंपनी द्वारा गैस पाइपलाइन का काम किया गया था जो मुख्य सड़क को तोड़ कर क्रासिंग करने और पाइपलाइन सड़क के नीचे से डालने के बाद उसे दोबारा डामरीकरण या सीमेंट से सुधार कार्य न किया जाकर उसे वैसी ही अवस्था में छोड़ दिया गया था जिससे उक्त मार्ग पर काफी लंबा गड्ढा बन गया था उक्त समस्या को लेकर कई बार समाचार भी प्रकाशित किए गए किंतु इसके बाद भी गैस पाईप कंपनी के जबाबदार अधिकारियों ने इसकी सुध नहीं ली वहीं अब जाकर लगभग छह माह बीतने के बाद भरी बरसात में कार्य किया जा रहा है वह भी गुणवत्ता हीन है।

ज्ञात हो कि यहां से रात दिन गुजरने वाले स्थानीय लोगों ने बताया कि वर्तमान समय में सुधार कार्य किए जाने की कवायद तो शुरू कर दी गई है परंतु सुधार कार्य में रेत का एक प्रतिशत भी इस्तेमाल नहीं किया जा रहा उसकी जगह डस्ट मिलाई जा रही है साथ ही लौहा के नाम पर जिस सरिए का उपयोग किया जा रहा है वह भी तकनीकी रूप से नहीं होना चाहिए, इस तरह की रस्म अदायगी किए जाने से जल्द ही उस मार्ग पर किया गया मरम्मत कार्य ज्यों कि त्यों हो जाने की उम्मीद क्षेत्रीय वासियों द्वारा जताई जा रही है। वहीं दूसरी ओर संबंधित विभाग से मांग की जा रही है की उक्त कार्य उपयंत्री अपनी देखरेख में गुणवत्ता पूर्ण तरीके के साथ कराया जाए जिससे सड़क पूर्व की तरह हो सके और लोगों को आवागमन में सुविधा मिल सके ।

# श्रीराम सनातन धर्म के आदर्श, कुल उत्थान ही सच्चा धर्मः शंकराचार्य स्वामी सदानंदजी

**गोटेगांव** समीप धार्मिक स्थल परमहंसी गंगा आश्रम जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज ने अपने चातुर्मास प्रवचन के अंतर्गत वाल्मीकि रामायण का विशद वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम केवल अयोध्या के ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण सनातन धर्म के लिए आदर्श पुरुष हैं। वे भारतीय संस्कृति के दर्पण हैं, जिनसे हमें आचरण, कर्तव्य और धर्म का मार्ग मिलता है। महाराजश्री ने सनातन परंपराओं की ओर संकेत करते हुए कहा आज हमारे समाज में शिखा, सूत्र,गणवेश, संध्या-पूजन,जप-तप जैसीअनिवार्य परंपराएँ धीरे-धीरे क्षीण हो रही हैं। यह आवश्यक है कि हम अपने वर्णानुसार आचरण करें और अपने कुल के उत्थान पर चिंतन करें, क्योंकि कुल की उन्नति ही व्यक्ति की सच्ची पहचान है। जब श्रीराम वनवास पर गए, अयोध्या में महाराज दशरथ का देहांत हो गया। भरत ननिहाल (कैकय देश) में थे। जब उन्हें यह समाचार मिला तो वे तत्काल अयोध्या लौटे। वहां उन्होंने देखा कि अयोध्या महलों के बीच भी श्मशान जैसी उदासी छाई हुई है। पिता का निधन, भाई राम का वनवास और माता कैकयी के कारण इस विपत्ति का आना यह सब जानकर



भरत शोकाकुल हो उठे। भरत ने माता कैकयी से कहा मां! पिताजी कहां हैंकैकयी ने उत्तर दिया वे परमपद को प्राप्त कर चुके हैं। फिर भरत ने पूछा राम-लक्ष्मण कहां हैंकैकयी ने उत्तर दिया मेरे दो वरदानों के कारण वे वन गए हैं। यह सुनकर भरत का हृदय फट गया। उन्होंने अपनी माता को बहुत धिक्कारा और कहा मां! तुमने जो किया है, वह न केवल पितृवंश का नाश है बल्कि सम्पूर्ण अयोध्या का दुःख है।

### वनगमन का निश्चय

भरत ने प्रण किया कि यदि श्रीराम वन में हैं तो मैं भी वन जाऊंगा और अपने प्रभु, अपने भैया राम को अयोध्या वापस लाऊंगा। मैं सिंहासन को राम के बिना स्वीकार नहीं करूंगा। इसके बाद भरत अयोध्या के समस्त मंत्रियों, गुरुजनों, माताओं और नगरवासियों के साथ वन की ओर प्रस्थान कर गए। उनके साथ विशाल सेना और वाहन भी चल पड़े।

वनमार्ग में भरत की भेंट निषादराज गुह से हुई। निषादराज श्रीराम के परम भक्त थे। उन्होंने भरत को देखकर पहले संदेह किया कि कहीं भरत भी कैकयी की तरह छल करने तो नहीं आए हैं। लेकिन जब भरत ने सत्य और धर्म का उद्घोष किया तो निषादराज के नेत्र भर आए। उन्होंने कहा राजकुमार! आप भी राम जैसे धर्मात्मा हैं। आइए, मैं आपको राम तक ले चलता हूँ। अंततः भरत अपने गुरु व माताओं के साथ चित्रकूट पहुंचे। वहां उन्होंने श्रीराम को देखा। भरत भूमि पर दण्डवत होकर गिर पड़े और रोते हुए बोले भैया राम! आप पिता के आज्ञाकारी पुत्र हैं, परंतु आप पर अन्याय हुआ है। अयोध्या की प्रजा आपके बिना अनाथ हो गई है। आइए, अयोध्या चलें और राजगद्दी स्वीकार करें। श्रीराम ने भरत को उठाया, गले से लगाया और कहा भरत! यह सब पिताजी की आज्ञा और धर्मपालन का प्रश्न है। मैं पिताजी के वचन का पालन करने आया हूं। मुझे 14 वर्ष का वनवास पूरा करना ही होगा। भरत ने कहा यदि आप अयोध्या नहीं चलेंगे तो मैं राज्य कैसे लूं? आप ही अयोध्या के स्वामी हैं। तब श्रीराम ने अपनी खड़ाऊं भरत को सौंप दीं और कहा भरत! इन खड़ाऊं को राजगद्दी पर रखकर राज्य चलाना। मैं वनवास से लौटकर स्वयं गद्दी संभालूंगा। भरत ने सिर झुकाकर उन पवित्र खड़ाऊं को स्वीकार किया और संकल्प लिया कि जब तक राम लौटकर नहीं आते, मैं स्वयं महलों में नहीं रहूंगा। मैं तपस्वी जीवन व्यतीत करूंगा और केवल इन खड़ाऊं के माध्यम से ही राज्य का संचालन करूंगा। इस प्रकार भरत-राम मिलन भारतीय संस्कृति में भाईचारे, त्याग और धर्मपालन की सर्वोत्तम मिसाल है। पूज्य शंकराचार्य जी महाराज ने इस प्रसंग से यह संदेश दिया कि परिवार, समाज और राष्ट्र का उत्थान तभी संभव है जब व्यक्ति व्यक्तिगत स्वार्थ छोड़कर धर्म और सत्य को सर्वोपरि माने।

**खबर संक्षेप**

## माँ तुझे प्रणाम योजना हेतु आवेदन पत्र 4 सितम्बर तक आमंत्रित

**मण्डला।** राष्ट्रवाद की भावना से ओत-प्रोत ''माँ तुझे प्रणाम योजना'' म.प्र. शासन की एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र की सीमाओं के प्रति आदर का भाव विकसित करना, भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सैन्य गतिविधियों तथा दिनचर्या से अवगत कराना साथ ही राष्ट्र के प्रति समर्पण, नेतृत्व विकास पर मार्गदर्शन दिया जाना है। योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए विकासखण्ड स्तर पर 15 से 25 वर्ष (दिनांक 31 दिसम्बर 2026 तक हो) के 10 युवाओं (05 युवक एवं 05 युवतियों) का चयन भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं की अनुभव यात्रा प्रदेष के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, भौगोलिक स्थानों से परिचयन कराये जाने के लिये किया जाना है। विकासखण्ड स्तर पर चयन में 01 एन.सी.सी., 01 एन.एस.एस., 01 खिलाड़ी, 01 मेधावी छात्र, 01 स्काउट एवं इसी मान से युवतियों का चयन किया जाना है। आवेदन पत्र के साथ फिटनेस सर्टिफिकेट/चिकित्सा, जोखिम एवं संबंधित थाने चरित्र प्रमाण पत्र, युवाओं के स्वयं के बैंक खाते की जानकारी (पासबुक की फोटोकॉपी, अकाउण्ट नम्बर, आई.एफ.एस.सी कोड) जमा करना अनिवार्य है। पूर्व में अनुभव यात्रा पर भेजे गये युवाओं का चयन नहीं किया जावेगा। योजना के आवेदन विभागीय वेबसाइट www.dsywmp.gov.in से भी प्राप्त किये जा सकते हैं। आवेदन पत्र 04 सितम्बर 2025 तक कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण इण्डोर स्टेडियम मण्डला में जमा किया जा सकता है।

### मंत्री सांसद और विधायक का किया पुतला दहन

# जीएसयू ने किया उग्र प्रदर्शन

### संगठन की मांग प्राचार्य पति पर हो एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास



बीते दिनों निवास के सिंगपुर स्थित आदर्श एकलव्य आदिवासी छात्रावास में कुप्रबंधन के चलते 15 वर्षीय छात्रा शिल्पा मरावी की मौत व अनेकों छात्रों के बीमार होने की घटना के बाद लापरवाह स्टाफ़ पर प्रशासन द्वारा की गयी दोनों अधीक्षकों के निलंबन की कार्रवाई से नाखुश और आउट सोर्स महिला स्वास्थ्य कर्मचारी को बर्खास्त किये जाने से नाराज गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन ने उग्र प्रदर्शन करते हुये चक्का जाम कर मंत्री सम्पतिया उइके, मंडला सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते और कांग्रेस विधायक चैनसिंह बरकड़े का पुतला फूंका, संगठन के मुताबिक उक्त बड़े नेताओं के रहते जिले में इस तरह की गंभीर वारदात होना आदिवासी समाज के हित में नहीं है।

निवास सहित मंडला, नारायणगंज, बीजाडांडी आदि क्षेत्रों से आये जीएसयू के युवा छात्रों ने निवास के राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह तिराहे में एकत्र होकर सर्वप्रथम मृतक छात्रा के चित्र समक्ष मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की, रैली के दौरान हाथों में तत्खतियाँ लिये युवाओं द्वारा जिला प्रशासन और कलेक्टर मुर्दाबाद के नारे लगाये गये, छात्र संगठन की मांग थी कि प्राचार्य मोनिका रोहिल्ला के पति सतीश रोहिल्ला पर भी एफआईआर व दंडात्मक कार्रवाई हो।

आंदोलनकारियों ने यह भी शंकास्पद आरोप लगाया कि मोनिका की अनुपस्थिति में उक्त प्राचार्य पति हो सकता है छात्रों के साथ असभ्य पेश आता रहा हो, जिसे स्थानीय प्रशासन ने गंभीरता से नहीं लिया और इस पर कार्रवाई न कर जानबूझकर इसको छोड़ दिया गया।

आक्रोशित युवा नेता प्रशासन से कुछ अव्यवहारिक मांगे पूर्ण करने लिखित में मांग कर रहे थे जिस पर स्थानीय प्रशासन ने कहा यह हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं है, आप अपनी मांगे ज्ञापन में दे दीजिये हम उसे जिला के उच्चाधिकारियों तक भेज देंगे, मामले में प्रथम दृष्टया जो भी दोषी पाये गये हैं उन पर जिला शीर्ष अधिकारी द्वारा कार्रवाई की जा चुकी है।

आदिवासी समाज नेता और जीएसयू ने दिये ज्ञापन में कलेक्टर मंडला, बीईओ निवास, बीएमओ निवास को तत्काल हटाने व पीड़ति परिवार के एक सदस्य को शासकीय नोकरी की मांग और प्राचार्य पति पर एफआईआर न होने की दशा में पंद्रह दिन बाद फिर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

उक्त प्रदर्शन का स्थानीय साप्ताहिक बाजार का दिन होने से एक ओर जहाँ आम नागरिकों व दुकानदारों को दिक्कत पेश आई वहीं पुलिस प्रशासन भी शुरक्षा के मद्देनजर खासे पुलिस बल के साथ मुस्तेद रही।





## थानों में पदस्थ बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के प्रावधानों पर बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन गुरुवार को जिला कण्ट्रोल रूम मंडला में किया गया। प्रशिक्षण माननीय मजिस्ट्रेट महोदय किशोर न्याय बोर्ड, अति. पुलिस अधीक्षक जिला मंडला, उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा जिला मंडला की उपस्थिति की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण में विधि से संघर्षरत, देखभाल और संरक्षण योग्य बच्चों के लिए बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों के कर्तव्यों एवं उनकी कार्यप्रणाली के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया गया। विधि विरुद्ध बालकों के सम्बन्ध में माननीय किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किए जाने तक पालन किये जाने वाले कानूनी प्रावधानों के बारे में बताया। उन्होंने बालश्रम और पोक्सो एक्ट को लेकर भी पालन करने योग्य आवश्यक कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी दी।

### शंकाओं का किया समाधान

प्रशिक्षण के दौरान बच्चों से संबंधित मामलों में आने वाली विभिन्न प्रकियाओं और समस्याओं के बारे में बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों की विभिन्न शकांओ का भी समाधान किया। प्रशिक्षण में थानों में कार्यरत जिला बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया।

## अतिथि शिक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक

**मण्डला।** अतिथि शिक्षक संघ ब्लाक शाखा नारायणगंज के तत्वावधान में दिनांक 24/08/2025 दिन रविवार समय 12 बजे स्थान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नारायणगंज मैं गंभीर मुद्दों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है। विकास खंड नारायणगंज के समस्त अतिथि शिक्षक गणों से अपील है कि बैठक में समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज करायें। सभी अतिथि शिक्षक गणों की बैठक में उपस्थित अनिवार्य है।

## आगामी पर्वों के संबंध में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा एवं सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट की उपस्थिति में गणेश उत्सव, मिलाद-उन-नबी एवं आगामी पर्वों के संबंध में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिला योजना भवन में हुई इस बैठक में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जनपद पंचायत अध्यक्ष मंडला संतोष सोनू भलावी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, मंडला एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीओपी पीयुष मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी तथा समिति सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में सभी त्यौहार आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्वक मनाने का आग्रह किया गया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पंडालों में बिजली के तारों की सुरक्षा रखी जाए एवं लोहे के खम्भों पर विद्युत कनेक्शन सावधानीपूर्वक लगाएं। विद्युत लाइन के नीचे प्रतिमा की स्थापना न करें। प्रतिमाओं का विसर्जन निर्धारित कृत्रिम विसर्जन कुंडों में ही किया जाए। तैराक की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। कोलाहल नियंत्रण अधिनियम का पालन करें। किसी भी प्रकार का जुलूस निकालने के पूर्व सक्षम अधिकारी से लिखित में अनुमति प्राप्त करें। मार्गो पर समुचित साफ-सफाई एवं पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करें। पुलिस अधीक्षक श्री सकलेचा ने निर्देशित किया कि ऐसे स्थान जहां पर प्रतिमा पंडाल स्थापित होने से आवागमन बाधित होता है, उन स्थानों को अनुमति प्रदान न करें। संबंधित अधिकारी गणेश उत्सव समिति की सूची बनाकर संबंधित थाने में उपलब्ध कराएं। बैठक में मिलाद-उन-नबी के संबंध में भी चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में घरों में स्थापित भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नगरपालिका परिषद की ओर से वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराने के संबंध में चर्चा की गई। इसके लिए चिन्हित स्थानों पर चलित अथवा स्थाई रूप से कुंड या ड्रम की व्यवस्था किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा ने धार्मिक पर्वों के दौरान नगरीय सड़कों पर आवारा पशुओं की समस्या की ओर ध्यान आकर्षित कराया एवं सीएमओ नगरपालिका से तत्संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा। बैठक के दौरान मंडला एवं महाराजपुर दोनों थाना क्षेत्रों में क्षेत्रीय आयोजकों के साथ पुनः बैठक कराने के संबंध में निर्देशित किया गया।

## थीम वाइस रैंकिंग के विषयों को गंभीरता पूर्वक समझना जरुरी : जिला पंचायत सीईओ



*** पंचायत उन्नति सूचकांक संबंधी प्रशिक्षण जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पंचायत के समग्र विकास के प्रदर्शन मापक के रूप में पीएआई 2.0 (पंचायत उन्नति सूचकांक) क्रियान्वित किया जा रहा है। जिला पंचायत के सभाकक्ष में शुक्रवार को पीएआई 2.0 का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के आरंभ में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट ने कहा कि शासन द्वारा अब विभिन्न पोर्टल और एप्लीकेशन के जरिये डाटा के बेहतर प्रबंधन की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। पंचायत उन्नति सूचकांक में सभी के लिए थीम वाइस रैंकिंग के विषयों को गंभीरता पूर्वक समझना जरुरी है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रत्येक विभागवार सूचकांकों के संबंध में विस्तृत चर्चा, पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षकों द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में प्रतिभागियों से की गयी। सहभागी प्रशिक्षण के माध्यम से पोर्टल पर प्रविष्टियों करना, सेल्फ मॉनिटरिंग, रैंकिंग, थीम वाइस प्राप्तांक आदि के विषय में विस्तार से प्रतिभागियों को समझाया गया। सेल्फ मानिटरिंग के माध्यम से अपनी कमियों का आंकलन और उसका विश्लेषण कर आगामी पीएआई 2.0 की प्रविष्टि हेतु पूर्व से तैयारी के विषय में लोगों ने समझा। इस अवसर पर क्षेत्रीय ग्रामीण विकास प्रशिक्षण संस्था सिवनी के प्रशिक्षक सहित पंचायत विभाग के प्रतिभागी उपस्थित थे।

**कार्यक्रम** | **विश्व हिंदू परिषद का 61वाँ स्थापना दिवस कार्यक्रम सम्पन्न।**

# पाकिस्तान में रह रहे हिन्दुओं का लगातार हो रहा विघटन

*** बिछिया में आयोजित हुआ कार्यक्रम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



नगर के एन.सी.सी. कम्प्यूटर सेंटर में विश्व हिन्दू परिषद का 61वां स्थापना दिवस कार्यक्रम नगर केंद्र बिछिया में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विभाग संगठन मंत्री अरविंद तिवारी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस विभाग से रिटायर्ड विश्राम सिंह मार्को एवं कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रजनी मरावी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रखंड मंत्री राजू भाषंत द्वारा किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत श्रीरामदरबार में दीप प्रज्वलन तथा पूजन करके किया गया, सभी उपस्थित सनातनी समाज द्वारा एक स्वर में देशभक्ति गीत दोहराए गए। उसके पश्चात विभाग संगठन मंत्री अरविंद तिवारी द्वारा विश्व हिन्दू परिषद के स्थापना दिवस के कारण एवं महत्व पर सूक्ष्म प्रकाश डाला गया। बतलाया गया कि 15 अगस्त 1947 को देश ऐसे ही स्वतंत्र नहीं हुआ, भारत में रह रहे मुस्लिम समाज द्वारा पहले एक मत होकर धर्म के आधार पर अलग देश पाकिस्तान की मांग करते हुए 14 अगस्त को लाखों निर्दोष हिन्दुओं की लाशों पर भारत माँ के दो टुकड़े कर दिए गए और उसके बाद भी राजनैतिक षडयंत्र के तहत बंटवारे में पाकिस्तान मांगने वाले मुस्लिम समाज का एक बहुत बड़ा हिस्सा भारत में ही ठहर गया। बंटवारे के बाद पाकिस्तान में रह रहे हिन्दू समाज का लगातार विघटन हुआ। उन्हें जबरन मुसलमान बना दिया गया और न मानने वाले हिन्दू समाज के हर तबके चाहे वो आदिवासी दलित या किसी और वर्ग का हो, उसकी हत्या कर दी गई। बंटवारे में बाद पाकिस्तान में जो लाखों हिन्दू थे, आज के पाकिस्तान में उनकी संख्या नगण्य हो चुकी है और अब यही खेल भारत में लगातार प्रारंभ है। कट्टरपंथी तथा ईसाई मिशनरी द्वारा लगातार हिन्दू समाज के गरीब दलित आदिवासी तबकों व सभी हिन्दुओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा के झूठे प्रलोभन एवं पाखंड द्वारा लगातार धर्मांतरण कर आपस में हिन्दुओं को लड़वाने का षडयंत्र कर भारत को पुनः विभाजन की स्थिति में लाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। लव जिहाद, लैंड जिहाद, जनसंख्या विस्फोट तथा धार्मिक हिंसा के द्वारा हिन्दू समाज को पहले जातियों में तोड़ने, फिर टुकड़ों टुकड़ों में उनका दमन करने का कुचक्र लगातार विदेशी कट्टरपंथी, वामपंथी, ईसाई मिशनरी ताकतों द्वारा किया जा रहा है, ताकि हिन्दू समाज में आपसी फूट उत्पन्न हो और भारत माता के और टुकड़े किए जा सकें। प्रकृति पूजक सनातनी हिन्दू समाज इन सभी षड्यंत्रों और कु चक्रों को समझे, सावधान रहे, एक रहे तथा एकजुटता से इन देशविरोधी धर्मविरोधी ताकतों का सफाया करे, तभी हमारा देश अखंड रहेगा, हिन्दू समाज अखंड होगा, तभी देश का गौरव उच्च शिखर पर होगा। जब तक इस देश में हिन्दू समाज में एकभाव है, तब तक ही यहां कानून, संविधान और प्रजातंत्र का अस्तित्व है। कोई कट्टरपंथी ईसाइयों का धर्मांतरण नहीं करते, कोई ईसाइ पादरी कट्टरपंथियों का धर्मांतरण नहीं करते, ये दोनों मिलकर बस हिन्दू समाज को धर्मांतरण करते हैं, ताकि भारत का मूल सनातन धर्म समाप्त हो सके और फिर से भारत विदेशी ताकतों का गुलाम बन सके। जब जब हिन्दू समाज में फूट हुई है, इन विदेशी ताकतों ने देश के कानून संविधान को धता बताकर भारत की भौगोलिक, सांस्कृतिक, सामाजिक संरचना को नष्ट भ्रष्ट करने का कुचक्र रचा है। हिन्दू समाज के विरुद्ध चल रहे इसी देशव्यापी विश्वव्यापी षडयंत्र को समाप्त करने के उद्देश्य से तथा भारत एवं सारे विश्व के हिन्दुओं को एकसूत्र में बांधने के उद्देश्य से कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ मुहूर्त में सन् 1964 को विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना हुई। 'हिन्दवः सोदराः सर्वे, न हिन्दूः पतितो भवेत। मम दीक्षा हिन्दू रक्षा, मम मंत्रः समानता।।' अर्थात 'सब हिन्दू भाई है, कोई भी हिन्दू पतित नहीं है। हिंदुओं की रक्षा मेरी दीक्षा है, समानता यही मेरा मंत्र है।' यही विश्व हिन्दू परिषद का प्रमुख उद्घोष है, जिसका सदा आचरण हम सभी सनातनी हिन्दुओं को करना नितांत आवश्यक है। इस प्रकार के उदगार विभाग संगठन मंत्री अरविंद तिवारी द्वारा दिए गए।

## नगर में फिर आवारा पालतू जानवर का आतंक, नहीं सुधर रहे पशुपालक

हरिभूमि न्यूज:मण्डला/नारायणगंज

मंडला जिले की जनपद पंचायत नारायणगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडरिया में आवारा जानवरों का आतंक बहुत अधिक बढ़ गया है पशुपालक सुबह होते ही इन्हें चरने छोड़ देते हैं जिसके कारण अब इनका जमावड़ा सार्वजनिक स्थानों, सड़क स्कूलों के समीप तथा किसानों के खेतों में आतंक मचाते हैं।

कुछ दिनों पूर्व पंचायत प्रशासन ने आवारा पशुओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुछ पशु मालिकों पर जुर्माना लगा कर पशुओं को पंचायत क्षेत्र से हटाया भी तथा परंतु अब एक बार फिर पशु मालिक अपने पुरान रवैए में नज़र आने लगे हैं

NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त...
स्वामी विवेकानन्द (प्रा.) आई.टी.आई.
रोजगार हेतु केम्पस प्लेसमेन्ट
Admission Open
न्यूनतम शुल्क
सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार
इलेक्ट्रिशियन
फिटर
मोती तालाब के पास, सुरभि नगर, बालाघाट, मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.)Ag.
• B.Tech (Agril) Engg.
• M.Sc. (Ag.)
ABM
PARAMEDICAL
BPT | BMLT
BHN | DMLT | DXRT
D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION
BCA | MCA
B.SC. | M.SC.
DCA | PGDCA
COMMERCE
• B.Com • M.Com
NURSING
GNM | B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111